भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2105
सोमवार, 05 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)

रोजगार सृजन के अवसर

2105. श्री के. गोपीनाथ:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार सृजन के अवसरों का ब्यौरा और डेटा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने डेटा का पता लगाने के लिए कोई संस्थान-आधारित श्रम सर्वेक्षण किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करंदलाजे)

(क) से (ग): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीनतम केएलईएमएस आंकड़ों के अनुसार, देश में वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 और 2023-24 में कुल रोजगार क्रमशः 56.56 करोड़, 57.75 करोड़, 59.67 करोड़ और 64.33 करोड़ था।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय अनिगमित क्षेत्र उद्यमों (एएसयूएसई) का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) और उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) करता है। एएसयूएसई विशेष रूप से विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्र में अनिगमित, गैर-कृषि प्रतिष्ठानों की विभिन्न आर्थिक और परिचालन विशेषताओं को मापता है। एएसआई भारतीय अर्थव्यवस्था के पंजीकृत विनिर्माण क्षेत्र के आंकड़ों का एक प्रमुख स्रोत है।

इसके अतिरिक्त, श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने क्रमिक तिमाहियों में भारत की गैर-कृषि अर्थव्यवस्था के चयनित नौ क्षेत्रों के संबंध में रोजगार की स्थिति का आकलन करने के लिए तिमाही रोजगार सर्वेक्षण (क्यूईएस) आयोजित किया है।

****